हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 21 अप्रैल 2024

06 महायज्ञ की पूर्णाहूति पर एक लाख से अधिक...



07 'हार्टफूलनेस ध्यान आपको कई परेशानियों से राहत...





## खबर संक्षेप

### अनुपस्थित रहने पर शोकॉज नोटिस जारी

**विदिशा।** कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने लोकसभा चुनाव के तहत अधिकारियों को कर्तव्य स्थल पर उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। वन परिक्षेत्र बासौदा के वनपाल अशोक गौर कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित होने पर उन्हे नोटिस जारी किया गया है। इसी तरह बासौदा के एसडीएम व सहायक रिटर्निंग आफीसर विजय राय द्वारा एसएसटी दल क्रमांक एक पचमा का औचक निरीक्षण किया गया। पता चला की 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक वनपाल अशोक गौर अपने कर्तव्य स्थल पर उपस्थित नहीं थे। जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशों की अवहेलना करने पर दो दिवस के भीतर स्पष्टीकरण का जबाव कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। संतोषजनक जवाब न देने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### गर्ल्स कॉलेज में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया

**विदिशा।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एंड वैलनेस के तत्वाधान में गर्ल्स कॉलेज में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। गृह विज्ञान विभाग की छात्राओं तथा स्पोर्ट्स की छात्राओंकी बीएमआई तथा ब्लड प्रेशर की जांच की गई। गृह विज्ञान विभाग की प्रियंका सोंधिया के द्वारा काउंसलिंग भी की गई। इसी कार्यक्रम के तहत छात्रों ने कार्यक्रम मे छात्राओं से मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार विषय पर छात्राओं से ड्राइंग कंपटीशन करवाया।

### छात्रावासी विद्यार्थियों ने जागरूकता संदेश दिया

**विदिशा।** लोकसभा चुनाव के दौरान स्वीप गतिविधियों के तहत व्यापक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जनजातीय कार्य विभाग की जिला संयोजक पारूल जैन ने बताया कि शनिवार को विभागीय छात्रावासों में रहने वाले विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। बाल पेंटिग, नुक्कड नाटक, रैलियों के माध्यम से छात्रावासी विद्यार्थियों द्वारा 7 मई को मतदान केन्द्र पर पहुंचकर पहले मतदान करें का संदेश दिया।

### सोशल मीडिया पर रखी जा रही पैनी है नजर

**विदिशा।** कलेक्ट्रेट के कक्ष क्रमांक 225 में स्थापित किए गए एमसीएमसी प्रकोष्ठ से पेड न्यूज की मॉनिटरिंग की जा रही है। लोकसभा क्षेत्र सागर के इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी चंद्रभूषण सिंह बुंदेला के द्वारा अब तक फेसबुक और इंस्टाग्राम के माध्यम से कुल 30 हजार 174 रुपए की राशि का व्यय खर्च किया गया है। इसके अलावा सागर लोकसभा क्षेत्र से ही चुनाव लड़ रही भारतीय जनता पार्टी की अभ्यर्थी लता वानखेड़े के द्वारा सोशल मीडिया के फेसबुक और इंस्टाग्राम प्लेटफॉर्म के माध्यम से अब तक कुल 5688 रुपए का व्यय खर्च किया गया है। विदिशा लोकसभा में चुनाव लड़ रहे श्री प्रताप भानु शर्मा के द्वारा फेसबुक और इंस्टाग्राम प्लेटफार्म के माध्यम से अब तक कुल 8998 रुपए राशि का व्यय खर्च किया गया है।

### स्ट्रांगरूम व मतगणना स्थल का जायजा लिया

**विदिशा।** संसदीय क्षेत्र 5 सागर के लिए नियुक्त पुलिस प्रेक्षक एमजेड डिंगलोई और लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 18 विदिशा के पुलिस प्रेक्षक जी विजय कुमार ने विदिशा जिले की पांचों विधानसभाओं के लिए बनाए गए स्ट्रांगरूम व मतगणना कार्यों के लिए किए गए प्रबंधों का भ्रमण कर जायजा लिया है। विदिशा एवं सागर संसदीय क्षेत्र के लिए नियुक्त दोनों प्रेक्षकों के द्वारा ग्राम जाफरखेड़ी में स्थित आदर्श महाविद्यालय परिसर में बनाए गए स्ट्रांगरूम व मतगणना कक्षों का भ्रमण किया। आदर्श महाविद्यालय परिसर से विदिशा और शमशाबाद विधानसभा के मतदान दलों को निर्वाचन सामग्री का वितरण किया जाएगा। कलेक्टर ने बताया कि विधानसभा में भी इसी महाविद्यालय में कार्य हुआ है।

---

**लोकसभा चुनावः** 12 से 19 अप्रैल तक कुल 20 अभ्यर्थियों ने 24 नाम निर्देशन किए थे जमा

# नाम वापसी के लिए सिर्फ एक दिन का समय शेष, पांच फार्म निरस्त हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

लोकसभा आम निर्वाचन हेतु विदिशा संसदीय क्षेत्र के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक आईएएस सूरज कुमार की उपस्थिति में रिटर्निंग अधिकारी एवं कलेक्टर रायसेन द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय में नाम निर्देशन पत्रों की जांच की गई। विदिशा संसदीय क्षेत्र के निर्वाचन के लिए 12 से 19 अप्रैल को दोपहर 3 बजे तक कुल 20 अभ्यर्थियों द्वारा 24 नाम निर्देशन पत्र जमा किए गए।

जांच के दौरान 16 अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्र सही पाए गए। पांच नाम निर्देशन पत्र निरस्त किए गए हैं। सुभाषनी गोदरे द्वारा दो नाम निर्देशन पत्र जमा किए गए थे। इंडियन नेशनल कॉंग्रेस से संबंद्धता वाला नाम निर्देशन पत्र विधिमान्य नहीं पाए जाने पर निरस्त हो गया है तथा निर्दलीय अभ्यर्थी के रूप में जमा किया गया नाम निर्देशन पत्र विधिमान्य पाया गया। अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 22 अप्रैल को दोपहर 3 बजे तक निर्धारित है।

### सामान्य प्रेक्षक आईएएस सूरज कुमार की मौजूदगी में हुई फार्मों की जांच



**विदिशा।** सामान्य प्रेक्षक आईएएस सूरज कुमार की मौजूदगी में हुई फार्मों की जांच करते रिटर्निंग ऑफिसर।

### फार्मों की जांच के दौरान इन अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन हुए निरस्त

संसदीय क्षेत्र 18-विदिशा के निर्वाचन हेतु प्राप्त नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा के दौरान इंडियन नेशनल कॉंग्रेस पार्टी के आनंद प्रताप सिंह, इंडियन नेशनल कॉंग्रेस पार्टी की सुभाषनी गोदरे, निर्दलीय अभ्यर्थी खेम राज, सपाक्स पार्टी के प्रशांत साहू तथा निर्दलीय अभ्यर्थी संजय सक्सेना का नाम निर्देशन पत्र विधिमान्य नहीं पाए जाने पर निरस्त हो गया है।

### सागर के इन 14 अभ्यर्थियों नाम निर्देशन-पत्र सही

सागर के सभी 14 नाम निर्देशन-पत्र सही पाए गए हैं। सागर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने बताया कि जांच प्रक्रिया में एसयूसीआई के प्रत्याशी रामावतार, भाजपा प्रत्याशी लता वानखेड़े, इंडियन नेशनल कांग्रेस के प्रत्याशी चंद्रभूषण सिंह बुंदेला निर्दलीय प्रत्याशी धर्मेन्द्र बनपुरिया, अमित कुमार दुबे, रामभजन बंसल, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के सुरेश धानक, बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी भगवती प्रसाद जाटव निर्दलीय प्रत्याशी तोषमनी, निर्दलीय प्रत्याशी रामकुमार अहिरवार, प्रत्याशी पिछड़ा समाज पार्टी यूनाइटेड की प्रत्याशी लक्ष्मीबाई पटेल, मोहम्मद आरिफ, महान वादी पार्टी के भीकम सिंह के नामाकंन पत्र सही पाए गए हैं।

---

## सेवाभावी चिकित्सकों से आज रुबरू होंगे कैलाश सत्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



मरीजों की सेवा करने में नया आयाम रचने वाले विदिशा चैप्टर से जुड़े चिकित्सकों से रुबरू होने के लिए और उनके सेवाकार्यों को प्रोत्साहित करने नोबेल पुरुस्कार से अलंकृत कैलाश सत्यार्थी आज 21 अप्रैल को दोपहर 12 बजे सांची रोड स्थित भंडारी पैलेस पहुंचेंगे।

समाजसेवी देवेश आर्य ने जानकारी देते हुए बताया इस दौरान संस्थाओं से जुड़े समाजसेवी एवं चिकित्सक मौजूद रहेंगे। इस दौरान विदिशा नगर के जानेमाने चिकित्सक डॉ इंदू जैन, डॉ तरुणा सक्सेना, डॉ एसएस रघुवंशी, डॉ केसी बागरेचा का सम्मान किया जाएगा। इस खास मौके पर नोबेल विजेता श्री सत्यार्थी विदिशा चैप्टर से जुड़े एम्स भोपाल के डॉक्टर किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ केतन मेहरा, डॉ पीयूष श्रीवास्तव, डॉ सौरभ दीक्षित, डॉ सुनील किरार, डॉ महेंद्रपाल सिंह, डॉ सुरेंद्र यादव, डॉ युगतांश पांडे, डॉ निखिला यादव, डॉ सुनील रघुवंशी, डॉ शिवकुमार रघुवंशी, डॉ विनोद दांगी, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ विकास जैन आदि से मिलेंगे।

## आयकर विभाग ने जब्त किए जेवर, जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

शुक्रवार की रात में अम्मा का ढाबा सांची रोड रंगाई में चेकिंग के दौरान 36 किलो चांदी, 375 ग्राम सोने के जेवरों को रात में पुलिस थाने लेकर आई। वहीं आयकर विभाग के अधिकारियों को भी इसकी जानकारी दी गई। आयकर विभाग की टीम ने करीब 60 लाख रुपए के सोने चांदी के इन जेवरों को जब्त कर लिया है। जिन सराफा व्यापारियों के पास से यह जेवर मिले हैं उनसे पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि वह सभी विदिशा के सराफा व्यापारी हैं हाट बाजार करने सलामतपुर गए थे। वहीं से वापस आ रहे थे। अब आयकर विभाग की टीम इस मामले की बारीकी से जांच कर रही है। रात में हुई इस कार्रवाई के दौरान व्यापारियों और पुलिस टीम के बीच जमकर बहस भी हुई। लेकिन मौके पर वरिष्ठ अधिकारियों के पहुंचने के बाद कार्रवाई को अंजाम दिया।

---


## वन विभाग की मिलीभगत से अवैध रूप से चल रहे फर्नीचर उद्योग, हो रही कटाई

**प्रति दिन लाखों का होता है कारोबार वन विभाग की कार्रवाई संदेह के घेरे में**

हरिभूमि न्यूज ⏭लटेरी

लटेरी वन परिक्षेत्र उत्तर के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत मुरारिया के कई घरों में अवैध फर्नीचर बनाने का धंधा जमकर चल रहा है। प्रति दिन लाखों की इमारती लकड़ी जंगल से काटकर फर्नीचर का अवैध रूप से निर्माण किया जाता है।

आज तक वन विभाग द्वारा इन अवैध उद्योग पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। प्रशासन की नाक के नीचे इतने बड़े पैमाने पर अवैध फर्नीचर उद्योग का बे रोक टोक चलना बड़े पैमाने पर होना वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्रवाई पर सवाल खड़े करता है।



वन विभाग के मिलीभगत से छोटी छोटी आरामशीन का उपयोग होना बड़ी बात है। हरिभूमि की टीम ने जब गांव का भ्रमण किया तो जंगलों से लाई गई लकड़ी का अंबार नजर आया। गांव के कई घरों में अवैध लकड़ी का भंडार है। बीट के डिप्टी रेंजर और नाकेदार के मिलीभगत से अवैध कारोबार होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

मिली जानकारी के अनुसार मुरारिया में बाइक से लकड़ी सप्लाई होती है और बड़े पैमाने पर कई वर्षों से बे रोकटोक कारोबार चल रहा है। जब वन विभाग में शिकायत होती है तो ले देकर बिना कार्रवाई के मामला रफादफा कर दिया जाता है। इस संबंध में रेंजर वन परिक्षेत्र उत्तर मुकेश केन का कहना है कि हमें आपके माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई है। मामले को दिखवाते हैं।

### जतरापुरा में हो रहा था बाल विवाह रुकवाया

**विदिशा।** वार्ड क्रमांक 2 जतरापुरा क्षेत्र में बाल विवाह कराया जा रहा था। मामले को संज्ञान में लेकर त्वरित कार्यवाही करते हुए एक टीम बनाकर मौके पर भेजा गया जहां दस्तावेजों की जांच पड़ताल करने के उपरांत सामने आया कि परिजनों द्वारा बाल विवाह कराया जा रहा है। मौके पर बालक के शैक्षणिक दस्तावेज में जन्मतिथि 1 जनवरी 2007 पाई गई और बालिका के शैक्षणिक दस्तावेज में जन्मतिथि 25 मार्च 2008 अंकित पाई गई थी। बालिका के परिजनों का कहना था कि आदिवासी समाज में कम आयु में विवाह कर दिया जाता है। विभाग द्वारा बालक और बालिका के परिजनों को समझाइश दी गई और लिखित में कथन लिए गए। बालक और बालिका के परिजनों को बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में भी जानकारी दी गई।

## बेटी से परेशान पिता ने खुद को केरोसिन डालकर आग लगाई

■ बेटी बोली : पिता के तानों से मैं भी बहुत परेशान हो चुकी हूं।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



एक पिता ने अपनी बेटी से परेशान होकर खुद को आग लगा ली। जिनका जिला चिकित्सालय में इलाज चल रहा है।

शमशाबाद थाना के अंतर्गत आने वाले बरुआखार में रहने वाले नारायण सिंह प्रजापति ने पारिवारिक विवाद के चलते खुद के ऊपर केरोसिन डालकर आग लगाई। नारायण सिंह को आग में जलता देख आसपास के लोगों ने उन्हें गंभीर हालत में शमशाबाद अस्पताल पहुंचाया। जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। हालत ज्यादा बिगड़ने पर नारायण सिंह को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उनका इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि उन्होंने यह कदम अपनी बेटी से परेशान होकर उठाया। नारायण सिंह प्रजापति ने बताया कि वह अपनी बेटी से परेशान हैं, जिसकी वजह से उन्होंने खुद के ऊपर केरोसिन डालकर आग लगा ली। वहीं इस मामले में उनकी बेटी ने बताया कि मां का करीब 3 साल पहले देहांत हो गया था, उसकी एक छोटी बहन है, जो नानी के पास रह रही है। वह और पिता ही घर पर रहते हैं उसने बताया कि वह पिता के तानों से परेशान है।

---

## चोरी हुए 14 लाख 86 मोबाइल बरामद कर पुलिस ने लौटाए

**सायबर सेल ने** विदिशा के अलावा भोपाल, अशोकनगर, सागर और रायसेन जिले से भी कई मोबाइल बरामद किए हैं



**विदिशा।** गुम हुए मोबाइल वापस लौटाते एसपी दीपक कुमार शुक्ला।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

■ पिछले साल 29 लाख रुपए के 206 मोबाइल वापसी किए थे।

पुलिस ने चोरी हुए लाखों रुपए के 86 मोबाइल बरामद किए हैं। जिन्हें शनिवार को उनके मालिकों को लौटाया गया। अपने मोबाइल पाकर लोगों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

दरअसल जिले में पिछले कुछ महीनों में मोबाइल चोरी या मोबाइल गुम होने के कई मामले सामने आए थे। जिनकी शिकायतें जिले के थानों में दर्ज की गई थी, पुलिस अधीक्षक दीपक शुक्ला ने जिले में चोरी या गुम हो जाने वाले मोबाइल को ढूंढने के लिए साइबर क्राइम की टीम को काम पर लगाया था। साइबर क्राइम की टीम ने चोरी किए गए मोबाइल की लोकेशन के आधार पर उनको ट्रेस कर लिया और पुलिस ने लगभग 14 लाख रुपए कीमत के 86 मोबाइल को बरामद कर लिया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एसपी दीपक शुक्ला और अति पुलिस अधीक्षक डॉ प्रशांत चौबे ने चोरी किए गए मोबाइल को उनके मालिकों को सुपुर्द किए।

सायबर सेल ने विदिशा जिले के अलावा भोपाल, अशोकनगर, सागर, रायसेन जिले से भी मोबाइल को खोजकर बरामद किया था। जिन्हें शनिवार को वितरित किया गया। इसके पहले भी विदिशा पुलिस द्वारा 15 लाख रुपए कीमत के 120 मोबाईल वितरित कर चुकी है। पिछले साल भी एक वर्ष में 29 लाख रुपए के 206 मोबाइल को ढूंढकर उनके असली मालिकों को दे चुकी हैं। गंजबासौदा की दुर्गा कुशवाह ने बताया कि उनका मोबाइल 2023 में गुम हुआ था। उनको मोबाइल मिलने की कोई उम्मीद नहीं थी। पुलिस ने उन्हें उनका खोया हुआ मोबाइल वापस किया तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं था।

## अतिक्रमण कर रखा टेंट हाउस का सामान, तहसीलदार ने किया जब्त

■ मंदिर समिति ने लिखित में की थी अतिक्रमण की शिकायत।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

बालाजी एनक्लेव कॉलोनी के पास सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर के समिति सदस्यों और रहवासियों ने कलेक्ट्रेट में मंदिर परिसर में अतिक्रमण कर सामान रखने की शिकायत के बाद शनिवार को तहसीलदार मौके पर पहुंचे।

प्रशासन द्वारा दो दिन पहले कब्जा करने वाले व्यक्ति को नोटिस देकर चेतावनी दी थी, लेकिन समय पर उसने अतिक्रमण नहीं हटाया।



**विदिशा।** नोटिस देने के बाद भी अतिक्रमणकारी ने नहीं हटाया था सामान।

शनिवार दोपहर तहसीलदार अमित ठाकुर नगरपालिका के अतिक्रमण विरोधी रास्ते के साथ मौके पर पहुंचे और सामान को जब्त कर अपने साथ ले गए। इसी मंदिर से लगे हुए शासकीय प्राथमिक शाला पेढ़ी मतदान केंद्र भी है। जिसमें भी अतिक्रमण है। वहां भी अतिक्रमण मुक्त करने की प्रक्रिया की जा रही है। तहसीलदार ने स्कूल प्रबंधन से स्कूल के चारों तरफ तार फेंसिंग कराने की बात कही है।

## जांच पड़तालः 27 वाहन चालकों के बनाए चालान

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जिला परिवहन अधिकारी गिरिजेश वर्मा ने बासौदा एवं कुरवाई में वाहनों की जांच पड़ताल करने की कार्रवाई की है। जिला परिवहन अधिकारी श्री वर्मा ने बताया कि कार्रवाई के दौरान 40 वाहन नियम विरुद्ध चलते पाए जाने के कारण उनके विरुद्ध चलानी कार्रवाई की जाकर उनमें से 27 वाहनों के चालान बनाकर 65 हजार 750 रुपए वसूल किए गए।

शेष अन्य 13 वाहनों को जब्त कर पुलिस थाना बासौदा एवं कुरवाई में खड़ा कराया गया। इस कार्रवाई के दौरान विशेष रूप से भारवाही वाहनों में सवारी ढोने, वाहनों में वैध प्रपत्र न होने तथा वाहन में अनुग्येय सीमा के बाहर माल भरे होने के संबंध में साथ ही वाहनों में नियमानुसार नंबर प्लेट लगी ना होने, अवैध रूप से हूटर लगे होने पर कार्रवाई की गई। वहीं लोकसभा के लिए बुलेरो, स्कार्पिओ आदि छोटे वाहनों को अधिग्रहित किए जाने 45 वाहनों को कलेक्टर द्वारा जारी अधिग्रहण आदेश तामिल कराए गए हैं।



---

जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक के उपलक्ष्य में दो दिवसीय आयोजन

## वाहन रैली निकालकर दिया जियो और जीने दो का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य में दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसी के तहत शनिवार को प्रभात फेरी और वाहन रैली निकाली गई।

वाहन रैली माधवगंज चौराहे से शुरू हुई। रैली में सैकड़ों की संख्या में समाजजन शामिल हुए। इस दौरान लोग भगवान महावीर स्वामी के 'जियो और जीने दो' का संदेश देते हुए चल रहे थे। सकल जैन समाज के प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया कि रविवार को जैन धर्म के अंतिम तीर्थकर भगवान महावीर का जन्म कल्याणक महा महोत्सव है। इस मौके पर दो दिवसीय कार्यक्रम आचार्य आर्जवसागर महाराज के सानिध्य में हो रहे हैं।

शनिवार को नगर के तीन जिनालयों से प्रभात फेरी निकाली गई। चंद्रप्रभु जिनालय खरीफाटक, दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर, किलाअंदर, पारसनाथ जिनालय रामद्वारा से निकाली गई। प्रभात फेरी तिलक चौक पर एकत्रित होकर नीमताल से माधवगंज महावीर कीर्ति स्तंभ पहुंची।



समाजजनों को ध्वजा वितरित कर रही संस्था।

### ध्वजा वितरित कर रही संस्था

भगवान महावीर के जन्म कल्याणक महोत्सव पर शहर के प्रत्येक जैन परिवार के घर पर जैन ध्वजा लहराने का लक्ष्य लेकर जैन मिलन विदिशा के सदस्य पिछले कई दिनों से घर घर जाकर लोगों को जैन ध्वजा वितरित कर रहे है। बता दें कि जैन मिलन विदिशा शहर की सामाजिक संस्था है।संस्था अध्यक्ष डॉक्टर आनंद जैन ने बताया कि महावीर जयंती पर शहर में घर-घर में जैन धर्म ध्वजा लगे इसी संकल्प को लेकर जैन मिलन विदिशा के सभी वीर साथी घर-घर जाकर जैन धर्म ध्वजा पहुंचा रहे हैं। अध्यक्ष अतुल जैन ने समाजजनों से 21 तारीख को नगर में निकलने वाले भव्य महावीर जन्मकल्याणक चल समारोह में शामिल होने की अपील की है।

## खबर संक्षेप

### पांच दिवसीय वार्षिक महोत्सव प्रारंभ

**गंजबासौदा।** श्री बालाजी सेवा समिति पिथौली धाम द्वारा पंच दिवसीय मारुतिनंदन अद्भुत यज्ञ अभिषेक एवं हनुमान वार्षिक जन्म महोत्सव शुक्रवार से प्रारंभ हो गया। जिसमें प्रथम दिवस गणेश पूजन, जल यात्रा, प्रायश्चित स्नान, दूसरे दिन शनिवार को मंडप प्रवेश, पीठ पूजन एवं मण्डप पूजन, रविवार को अग्नि पूजन, सोमवार को हवन एवं मंगलवार को पूर्णाहूति, भण्डारा एवं प्रसादी का वितरण किया जाऐगा। समिति द्वारा उक्त कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में धर्मप्रेमी बंधुओं से शामिल होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

### सिटी थाना पुलिस ने दो नाबालिगों को खोजा





**गंजबासौदा।** 29 वर्षीय फरियादी निवासी वार्ड नं. 5 गीता टाकीज वाली गली ने अपने नाबालिग साले उम्र 17 वर्ष को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने की रिपोर्ट पुलिस थाने में दर्ज करायी थी। जिस पर सिटी थाना पुलिस ने धारा 363 भादंवि के तहत मामला पंजीवद्ध कर विवेचना में लिया था। गत दिवस सिटी थाना पुलिस को अपहर्त नाबालिग के बारे में सूचना मिली। पुलिस ने सूचना के आधार पर अपहर्त बालक को दादर रेल्वे स्टेशन जीआरपी थाना के पास मुम्बई से खोजने में सफलता प्राप्त की। वहीं पूर्वी रेल्वे कालौनी निवासी 38 वर्षीय फरियादी ने अपने 16 वर्षीय पुत्र को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने की रिपोर्ट पुलिस थाना में दर्ज कराई। जिस पर सिटी थाना पुलिस ने धारा 363 भादंवि के तहत मामला पंजीवद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस टीम द्वारा अपहर्त बालक की तगातार पतरसी के प्रयास में विवेचना में आये तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर अपहर्त बालक को दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की। उक्त कार्य में सिटी थाना प्रभारी संजीव चौकसे, जितेन्द्र बरखने, शिवनारायण वर्मा, शिवप्रताप सिंह, अभिषेक शुक्ला का सहयोग रहा। उक्त जानकारी एसडीओपी मनोज मिश्रा द्वारा दी गई।

### शार्ट सर्किट से लगी केबल में आग

**गंजबासौदा।** शुक्रवार को रात्रि के समय मील रोड पर महावीर विहार के आगे विद्युत वितरण कंपनी की केबल लाइन में शार्ट सर्किट के चलते आग लग गई। शार्ट सर्किट से लगी आग से केबल में धुआं के बाद आग की लपटें निकलने लगी। जिसकी सूचना रहवासियों ने विद्युत वितरण कंपनी को दी। जिसके बाद विद्युत मण्डल द्वारा इस क्षेत्र का बिजली प्रदाय बंद कर विद्युत लाइन को दुरुस्त किया गया। जिसके बाद विद्युत प्रदाय शुरु किया गया।

## किसान बेधड़क होकर जला रहे नरवाई .....





### किसान खुद खेतों की नरवाई में लगा रहे आग

**गंज बासौदा।** एक और शासन प्रशासन खेतों में लगने वाली आग से होने वाले नुकसान और आगजनी की घटनाओं को रोकने तथा नरवाई की आग से होने वाले नुकसान के लिए आमजनों और किसानों को जागरूक कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर इलाके के किसान स्वयं अपने खेतों में खड़ी नरवाई में आग लगा रहे हैं। जिससे मिट्टी के पोषक तत्व नष्ट होने से मिट्टी की उवर्रक क्षमता प्रभावित हो रही है।

### सुबह 10 बजे से देर रात तक होता रहा विशाल भंडारे का आयोजन

# महायज्ञ की पूर्णाहूति पर एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने की प्रसादी ग्रहण


हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



वेत्रवती घाट स्थित नौलखी आश्रम पर विराट प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव, 33 कुंडीय श्री सीताराम अति महायज्ञ सहित अन्य धार्मिक आयोजनों की पूर्णाहुति पर शनिवार को विशाल महा भंडारे का आयोजन कथा स्थल पर किया गया। जो सुबह 10 बजे से प्रारंभ होकर देर रात तक चलता रहा। भण्डारे में प्रसादी ग्रहण करने नगर सहित ग्रामीण अंचलों से एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं को बैठाकर प्रसादी ग्रहण कराई गई। नगर के विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, महिला मंडल की सदस्यों के साथ-साथ स्कूली बच्चें भी सेवादार के रूप में शामिल होकर प्रसादी. परोसने की व्यवस्था में सक्रिय दिखाई दिए। भंडारे में 1000 से अधिक कार्यकर्ताओं ने सेवाएं देकर वितरण व्यवस्था को अनुशासित तरीके से पूरे समय संचालित किया। जिससे हर श्रद्धालु को मन भरकर सब्जी, पूड़ी और मीठे के रूप में बूंदी की प्रसादी प्रदान की गई।

नौलखी के श्रीमहंत राम मनोहर दास महाराज ने कथा स्थल पर श्रद्धालुओं को स्वयं प्रसादी परोसकर भंडारे का शुभारंभ किया। इधर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल द्वारा भी पूरे समय यज्ञ के दौरान निरंतर 10 दिन तक चलाए गए भंडारे में भी सवा लाख से अधिक श्रद्धालु प्रसादी ग्रहण कर चुके हैं, जिसका समापन 19 अप्रैल को हुआ। भंडारे में भोजन सामग्री बनाने वाले हलवाई नारायण उस्ताद ने बताया कि पूर्णाहुति के महा भंडारे के लिए 100 क्विंटल शक्कर, 75 कुंटल बेसन, 100 कुंटल, आटे की पूड़ियाँ, 4000 हजार लीटर रिफाइंड तेल और 50 कुंटल आलु, टमाटर की सब्जी तैयार की गई है। भोजन सामग्री बनाने के लिए 100 से अधिक कर्मचारी लगे रहे। महा भंडारे के लिए नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों से श्रद्धालु रात तक अपने समर्थ अनुसार शक्कर, तेल, आटा, बेसन सहित नगद राशि की सेवा आश्रम पर चलकर भेज रहे थे। कथा स्थल पर भी भंडारे के दौरान श्रद्धालुओं





का आर्थिक सहयोग निरंतर मिल रहा था। यज्ञ के दर्शनों के लिए आने वाले श्रद्धालुओं, यजमानों, ब्राह्मण और साधु संतों की सेवा के लिए नगर के मारवाड़ी परिवार द्वारा गुजरात से विशेष रूप से ठंडे पानी का प्लांट मंगाकर उसे आयोजन स्थल पर लगाया गया। नपा द्वारा प्लांट के लिए वॉटर वक्स से आरो पानी की सप्लाई दी गई। यज्ञ में चार स्थानों पर करीब 20000 लीटर रोज ठंडे पानी की 24 घंटे सप्लाई दी गई ताकि तेज गर्मी में भी ठंडा पानी उपलब्ध होता रहा। ठंडे पानी की सेवा देने वाले मारवाड़ी होटल के संचालक महेश अग्रवाल ने बताया कि यज्ञ में गर्मी को देखते हुए श्रद्धालुओं को ठंडा पानी मिले इसलिए उन्होंने गुजरात से चार एयर कूल्ड मशीनें बुलाईं थीं। यह हमारा सौभाग्य रहा कि यज्ञ के दौरान उनके परिवार को ठंडे पानी की सेवा का मौका उनके परिवार को मिल सका। नौलखी खालसा के श्री महंत राम मनोहर दास महाराज ने कहा कि क्षेत्र की धर्म निष्ठ जनता ने 90 साल बाद हुए विराट पुराण प्रतिष्ठा महोत्सव में तन, मन और धन से सहयोग देकर इस धार्मिक आयोजन को निर्विघ्न रूप से संपन्न कराया है, यह अनुकरणीय और वंदनीय है। उनका सहयोग इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया है। यज्ञ में सामग्री के अलावा



आर्थिक रूप से सहयोग देने वाले शहर और ग्रामीण क्षेत्र जन, जन प्रतिनिधिगण, जिला प्रशासन, स्थानीय प्रशासन, पुलिस प्रशासन, राजस्व विभाग, नगर पालिका, स्वास्थ्य विभाग, विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल, जागृति महिला मंडल, गिरिराज महिला मंडल, ब्राह्मण दल, श्रमदान दल, पंचायत सचिव एवं रोजगार संघ, सहकारी बैंक कर्मचारी संघ, प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, किन्नर समाज, ग्राम मांगरोद सेवा मंडल सहित नगर के अनेक सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक संगठनों के अलावा सहित यज्ञ में निस्वार्थ रूप से सेवाएं देने वाले सभी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष सहयोगियों के यशस्वी, दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए आभार माना है।

### गिरिराज महिला मंडल ने मां बेतवा को चढ़ाई चुनरी और लगाया भोग

**गंजबासौदा।** नौलखी आश्रम पर महाप्रभु जगन्नाथ और सीताराम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा सहित 33 कुंडीय महायज्ञ की निर्विघ्न संपन्नता और क्षेत्र की खुशहाली के लिए नगर की गिरिराज महिला मंडल की सदस्यों ने शनिवार को मां बेतवा को 108 से अधिक साड़ियों की चुनरी बनाकर उड़ाई वहीं चार कलश भरकर दूध दही अर्पित किया। गिरिराज महिला मंडल की यह चुनरी यात्रा नौलखी के हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर गाजे बाजे के साथ आश्रम के घाट पर पहुंची। चुनरी यात्रा में 108 से अधिक साड़ियां मंडल की सदस्यों ने अर्पित की वहीं चार कालसन में भरकर दूध दही ले जाया गया पंडितों ने वैदिक मंत्रों के बीच चुनरी यात्रा की पूजन संपन्न कराई।इसके बाद यात्रा में राम और सीता का रूप रखकर आए नन्हें मुन्नें बच्चे आकर्षण का केंद्र रहे। बेतवा नदी के घाट पर आचार्य केशव शास्त्री ने विधि-विधान से पूजन अर्चन सम्पन्न कराई। मंडल की महिला सदस्यों ने बताया कि उन्होंने मां बेतवा से यज्ञ की निर्विघ्न संपन्नता और क्षेत्र की खुशहाली के लिए कामना की थी। उनकी कामना पूरी होने पर आज 651 फीट से अधिक लंबी चुनरी मां को अर्पित की गई है। पूजन के पश्चात मंडल की महिला सदस्यों ने चुनरी यात्रा में शामिल सुहाग सामग्री यज्ञ में पूजन संपन्न करने वाले ब्राह्मणों को वितरित की। चुनरी यात्रा में गिर्राज महिला मंडल की महिलाएं मौजूद थीं।

## रंग बिरंगे पोस्टरों से विद्यार्थियों ने किया मतदाताओं को जागरुक




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

निर्वाचन आयोग के निर्देशन में शासकीय, अशासकीय स्कूलों में स्वीप अभियान के तहत मतदाता जागरुकता गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। इसी के तहत सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सैकेण्डरी स्कूल में एनएसएस बालक-बालिका के स्वयं सेवकों द्वारा एनएसएस प्रभारी कृष्णपाल सिंह चौहान एवं रजनी गुप्ता के मार्गदर्शन में मतदाता जागरुकता की गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। गत दिवस स्कूल में पोस्टर सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिस में कक्षा छठवीं से कक्षा बारहवीं तक के कलाकार छात्रों ने जहां रंगों के संयोजन से बेहतरीन पोस्टर सजाए, वहीं आकर्षक नारों की रचना कर मतदाताओं को जागरूक किया। पोस्टरों के माध्यम से छात्रों की रचनाधर्मिता सामने आई। संस्था प्राचार्य उमेश चंद्र यादव ने कहा कि पोस्टरों के माध्यम से छात्रों में रंग संयोजन कला का विकास दिख रहा है, वहीं नारे लेखन से साहित्य सृजन के गुणों का प्रकटीकरण भी निखर रहा है। संस्था द्वारा सभी छात्रों को पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर डॉली तिवारी, प्रीति रावत, रीनू ठाकुर, मनाली जैन, प्रियंका अग्रवाल, गोविंद कुशवाह, मनोज श्रीवास्तव, प्रीति माथुर, सुमन श्रीवास्तव सहित अन्य शिक्षकों की प्रेरक की भूमिका रही।

## विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

खेल एवं युवा कल्याण विभाग विदिशा द्वारा विकासखंड में स्वीप गतिविधि के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शनिवार को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में चम्मच रेस एवं चेयर रेस प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य एमसी शर्मा, बैडमिंटन के नोडल अधिकारी स्वतंत्र कुमार जैन एवं एनएसएस के प्रभारी दिनेश ओझा, सचिन खापरे, आलोक नायक, भारती पंथी, सरिता अग्रवाल, पुष्पा तिवारी, रुखसार खान, साधना सोनी सहित समस्त स्टॉफ एवं खेल विभाग से ब्लॉक समन्वयक द्वारा कराया गया। जिसमें चम्मच इसमें प्रथम स्थान साक्षी पंथी एवं द्वितीय स्थान राधिका राजपूत एवं तृतीय स्थान समीक्षा राठौर ने प्राप्त किया एवं चेयर रेस में प्रथम स्थान हर्षिता दांगी, द्वितीय स्थान मुस्कान अहिरवार ने प्राप्त किया। साथ ही स्वीप गतिविधियों के तहत आयोजित खेल प्रतियोगिताओं का समापन मतदाता जागरूकता शपथ से हुआ। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य ने उपस्थित स्टॉफ एवं विद्यार्थियों को शपथ दिलाई एवं सभी से अपने-अपने मत का प्रयोग करने को कहा साथ ही अपने ओर अपने परिवार तथा अपने आसपास के सभी लोगों को मतदान अवश्य करने के लिए कहा गया।

### कार्रवाई के दौरान जब्त वाहनों को पुलिस थाना में किया खड़ा

# आरटीओ ने की कार्रवाई, किया जुर्माना वसूल






हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

परिवहन आयुक्त, मध्यप्रदेश एवं कलेक्टर द्वारा वाहनों के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाए जाने के जारी किए गए निर्देश तथा उच्च न्यायालय खंडपीठ जबलपुर द्वारा वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाए जाने के जारी किए गए आदेश के पालन में शनिवार को जिला परिवहन अधिकारी गिरिजेश वर्मा द्वारा नगर में वाहनों की चेकिंग की गई।

इस कार्रवाई के दौरान लगभग 28 वाहन नियम विरुद्ध चलते पाए जाने के कारण उनके विरुद्ध चलानी कार्रवाई की जाकर उनमें से 20 वाहनों से शमन शुल्क 40000 रुपए वसूल किया गया। शेष 6 वाहन प्रकरण निराकरण की प्रत्याशा में जब्त कर पुलिस थाना में सुरक्षार्थ रखे गए। इस कार्रवाई के दौरान विशेष रूप से भारवाही वाहनों में सवारी ढोने, वाहनों में वैध प्रपत्र ना होने तथा वाहन में अनुग्येय सीमा के बाहर माल भरे होने के संबंध में साथ ही वाहनों में नियमानुसार नंबर प्लेट लगी ना होने, अवैध रूप से हूटर लगे होने पर कार्रवाई की गई। परिवहन आयुक्त एवं कलेक्टर के आदेश के पालन में वाहन चेकिंग की कार्रवाई निरंतर आगे भी जारी रहेगी। इस दौरान आगामी लोकसभा निर्वाचन हेतु सेक्टर मजिस्ट्रेट, राजस्व अधिकारियों के लिए आवश्यक बुलेरो, स्कार्पिओ आदि छोटे वाहनों को अधिग्रहित किए जाने हेतु 45 वाहनों को कलेक्टर द्वारा जारी अधिग्रहण आदेश तामिल कराए गए।

# कार्यालय पर संगठनात्मक बैठक का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




गत दिवस ब्लाक एवं नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा बैठक पूर्व विधायक निशंक जैन की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें सभी मंडलम अध्यक्ष सेक्टर अध्यक्ष बीएलए संगठन प्रभारी, जिला एवं ब्लाक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं ने बैठक में भाग लिया। बैठक में विदिशा रायसेन संसदीय क्षेत्र के लोकसभा प्रत्याशी पूर्व सांसद प्रतापभानु शर्मा ने वर्चुअली सम्मिलित होकर बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ता घर-घर जाकर कांग्रेस का इतिहास एवं कांग्रेस द्वारा किये गए जन कल्याणकारी कार्यों को व्यक्तिगत रूप से आम जनता को बतलाते हुए भाजपा द्वारा किसानों के साथ किये गए छल की बात करें। जैन ने बैठक में बेरोजगारी, महंगाई एवं बढ़ते हुए भ्रष्टाचार के खिलाफ आम जनता को अवगत कराते हुए कांग्रेस प्रत्याशी शर्मा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस अवसर पर बैठक में ब्लाक अध्यक्ष प्रकाश मिश्रा, नगर अध्यक्ष अदनान भाई, सुनील बाबू पिंगले, सत्यप्रकाश सेन, रामकिशन दुबे, ओमकार सिंह दांगी, नेता प्रतिपक्ष जगदीश व्यास, मंजू कुशवाह, राहुल ठाकुर, मनीभाई अहिरवार, जोहब हसन, लखन लोधी, राजकुमार सेन, छोटेलाल विश्वकर्मा, अमित मेहता, अंसार खान, रामकृष्ण शर्मा, विष्णुप्रसाद शर्मा, नीरज द्विवेदी, बब्लू कुशवाह, गौरव शर्मा, बीडी शर्मा, सौरव दुबे, पृथ्वी रघुवंशी, विक्रम रघुवंशी, धीरज कुशवाह, नीतेश नायक, अनुराग जैन, सलीम खान, संजीव शर्मा, आकाश राजपूत, अभय विश्वकर्मा, ब्रजेश रघुवंशी, साबिर खान, पूरन सिंह रघुवंशी, खेमचंद मैना, दुर्गेश अहिरवार, दुर्गेश अग्रवाल, विनोद जैन, रवि यादव, अशीष यादव, मिथुन पालीवाल, डॉ. पाल, अनीश खान आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### केडीबीएम कॉलेज की छात्राओं ने मतदान का महत्व समझाते हुए हरिभूमि से साझा किए अपने विचार

# लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर नागरिक का मतदान करना जरूरी


**मतदान लोकतंत्र की ताकत है मतदान करना ही लोकतंत्र स्थापित कर सकता है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिरोंज

यदि आप अपने वोट का उपयोग न कर अपनी पसंद का नेता या सरकार नहीं चुनेंगे तो उचित लोकतंत्र नहीं रहेगा। मतदान लोकतंत्र की ताकत है। इसका उदाहरण आप चुनाव के समय देख सकते हैं कि एक प्रत्यार्षी एक वोट के लिए किस तरह घर.घर जाकर एक वोट पाने के लिए जनता से निवेदन करता है। जब नेता आपके घर और इलाके में घूम.घूमकर वोट देने के लिए गुहार लगाने पहुंचते हैं। सही मायने में मतदान करना ही लोकतंत्र स्थापित कर सकता है।

यह बात केडीबीएम कॉलेज के छात्राओं ने हरिभूमि से चर्चा के दौरान मतदाताओं को वोट डालने के प्रति जागरूक करने के लिए कही। कॉलेज के छात्राओं ने मतदान का महत्व समझाते हुए कहा कि यदि हम मतदान ही नहीं करेंगे तो ऐसे नेता का चयन होगा जो लोगों की उम्मीदों के अनुरूप नहीं होगा। जितना हम अपने हकों के लिए आवाज उठाते हैंए वोट करने की जिम्मेदारी भी उतनी जरूरी है। वोट करने का अधिकार हमें संवैधानिक तौर पर मिला है ताकि हम ऐसे नेता का चयन कर सकें जो जनता की उम्मीदों पर खरा उतरता हो। सागर . सिरोंज लोकसभा क्षेत्र के लिए 7 मई को मतदान होना है। मतदान के लिए हम अपने परिवार व वार्डवासियों को मतदान के प्रति जागरूक करेगें।

### मतदान हर व्यक्ति को करना चाहिए



मतदान एक महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक प्रक्रिया है। जिसके माध्यम से नागरिक को अपनी पसंद का नेता चुनने और सरकार का नेतृत्व करने का अधिकार प्राप्त होता है। लोकतंत्र के लिए इसका उपयोग चुनाव में हर व्यक्ति को जरूर करना चाहिए। **कविता अहिरवार** छात्राए केडीबीएम कॉलेज सिरोंज।

### मतदान आपका कर्तव्य ही नहीं अधिकार भी है



लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर नागरिक का मतदान करना जरुरी है। मतदान से ही सही प्रत्याशी का चयन किया जा सकता है। ईमानदार और कर्मठ प्रत्याशी ही विकास को रफ्तार दे सकता है। मतदान आपका कर्तव्य ही नहीं अधिकार भी है। **राधिका साहू** छात्राए केडीबीएम कॉलेज सिरोंज।

### एक मजबूत सरकार को चुन सकेंगे




सभी लोग अगर वोट डालेंगे तो अपनी पसंद का नेता और एक मजबूत सरकार भी चुन सकेंगे। मतदान करना हम सभी की जिम्मेदारी है। यह जिम्मेदारी निभाकर हम सब बेहतर समाज निर्माण में भागीदार भी बन सकते हैं। **रानी शाक्य** छात्रा, केडीबीएम कॉलेज सिरोंज। ।

### सोच-विचार कर मतदान करें



वोट के अधिकार का इस्तेमाल हमें सही तरीके से सोच.विचार कर सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मतदान करें। मेरा वोट मेरा भविष्य की सराहना करते हुए लोगों को मतदान के प्रति जागरूक होना चाहिए और अपने मताधिकार का उपयोग करना चाहिए। **कृष्णा सेन** छात्रा, केडीबीएम कॉलेज सिरोंज।

### समाज भटकाव की राह पर



देश में लोकतंत्र को और अधिक मजबूत बनाने की आवश्यकता है और इसके लिए हर नागरिक को अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरुक होना पड़ेगा। नागरिकों की लापरवाही से ही समाज भटकाव की राह पर है। जब समाज में स्थिरता नहीं है तो राज्य में स्थिरता कैसे रहेगी। यदि लोकतंत्र सशक्त होगा तभी देश तरक्की कर सकेगा।

**राकेष साहू** छात्र, केडीबीएम कॉलेज सिरोंज।

### जितना अधिक मतदान करेंगे उतना ही अच्छे नेता का चयन होगा



अगर मतदान ही नहीं करेंगे तो ऐसे नेता का चयन हो जाएगा जो ज्यादातर लोगों की उम्मीदों के अनुरूप नहीं होगा। इसके अलावा यदि हम वोट नहीं करेंगे तो किसी दूसरे को भी वोट करने के लिए नहीं कह सकेंगे। जितना हम अपने हकों के लिए आवाज उठाते हैंए वोट करने की जिम्मेदारी भी उतनी ही जरूरी है। वोट करने का अधिकार हमें संवैधानिक तौर पर मिला है ताकि हम ऐसे नेता का चयन कर सकें जो आज जनता की उम्मीदों पर खरा उतरता हो।

**सुजीत कुषवाह**, षिक्षक एंव एनएसएस स्वयंसेवक कार्यक्रम अधिकारी सिरोंज।

### ऐसे प्रत्याशी को वोट दें जो अपने क्षेत्र के विकास के प्रति गंभीर हो



राष्ट्रनिर्माण के लिए मतदान बेहद जरुरी है। मतदाताओं को पूरी सोच विचार के बाद ही किसी प्रत्याशी को वोट देना चाहिए। किसी भी तरह के लालच में आकर वोट नहीं करना चाहिए। ऐसे प्रत्याशी को ही वोट करना चाहिएए जोकि अपने क्षेत्र के विकास के प्रति गंभीर हो। अपने क्षेत्र के लोगों के दुख सुख में शामिल होने वाला हो। इसलिए 17 नवम्बर को प्रत्येक मतदाता मतदान केंद्र पर पहुंचे और मतदान करें।

**चंद्रेष कुषवाह**, केडीबीएम कॉलेज सिरोंज।

# अवैध रूप से संचालित हो रही क्लीनिकों को जल्द ही किया जाएगा सील: बीएमओ

**ग्राम बामोरी शाला में स्वास्थ्य विभाग की टीम के पहुंचते ही दर्जनों क्लीनिक संचालक अपनी दुकानें बंद कर भागे**



हरिभूमि न्यूज ▶▶सिरोंज

स्वास्थ्य विभाग के बीएमओ डॉ विकास बघेल के नेतृत्व में शनिवार को ग्राम पंचायत बामोरी शाला में अवैध रूप से संचालित क्लीनिक पर छापामार कार्यवाही करते हुए ओम क्लीनिक संचालिक विनायक श्रीवास्तव की क्लीनिक को सील किया। टीम जब क्लीनिक पर पहुची तो क्लीनिक पर काफी भीड देखी गई। साथ ही क्लीनिक संचालक कई मरीजो को इंजेक्षन लगते हुए पकडा गया। वही टीम ने क्लीनिक से कई दवाईया व इंजेक्षन जप्त किए। स्वास्थ्य विभाग की टीम जैसे ही ग्राम बामोरी शाला पहुची तो टीम की आने की खबर लगते ही दर्जनो क्लीनिक संचालक अपनी दुकाने बंद कर भाग गए।

उल्लेखनीय है कि पिछले दो हफ्तो से स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा सिरोंज सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रो में अवैध रूप से संचालित क्लीनिको पर छापामार कार्यवाही की जा रही है।

बीएमओ डॉ विकास बघेल ने बताया कि सिरोंज व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रो में जो क्लीनिक, अस्पताल, नर्सिंग होम अवैध रूप से संचालित किए जा रहें है उन सभी पर टीम द्वारा कार्यवाही की जाएगी और जो क्लीनिको का अवैध रूप से संचालन किया जा रहा है उनको जल्द ही सील किया जाएगा। वही उन्होने कहा कि जो भी नागरिक ग्रामीण क्षेत्रो में बिना डिग्रीएडिप्लोमा के क्लीनिक का संचालन कर रहें है उन्हें बक्सा नही जाएगा। टीम क्षेत्र के प्रत्येक ग्राम में पहुचेगी और टीम की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

### शासकीय सीएम राईस स्कूल में आयोजित तीन दिवसीय हार्टफूलनेस सत्र का सफलतापूर्वक समापन

# 'हार्टफूलनेस ध्यान आपको कई परेशानियों से राहत दिला सकता है'

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिरोंज

शासकीय सीएम राईस स्कूल में आयोजित तीन दिवसीय सहज मार्ग हार्टफूलनेस सत्र के आयोजन का शनिवार को सफलतापूर्वक समापन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में प्रषिक्षक सरिता साहू द्वारा तनाव मुक्ति के साथ ध्यान का अनुभव कराया गया एवं हार्टफुलनेस की तीन विधिएध्यानएसफाई और प्रार्थना के बारे में समझाया।



इस मौके पर स्कूल स्टाफ के साथ मिलकर प्राचार्य महेष ताम्रकार ने हृदय पूर्ण योगदान दिया और रोचक अनुभव भी साझा किए। वही उन्होने कहा कि ध्यान से हम आंतरिक शांति से विश्व शांति की और बढ़ सकते हैं यह हाल ही में आयोजित आध्यात्मिक महोत्सव का विषय भी रहा। जिसको कान्हा शांति वनम में पूज्य दासी द्वारा संस्कृति मंत्रालय की सहायता से आयोजित कराया गया। हार्टफूलनेस ध्यान आपको तनाव मुक्ति से लेकर ब्लड प्रेशरए डिप्रैशनए एंजायटी जैसी कई परेशानियों से राहत दिला सकता है। यह निःशुल्क सेवा है जिसमे हम ध्यान करना सीखाते हैं। ध्यान को अपने जीवन में उतारे और जीवन का आनंद ले। वही यह कार्यक्रम प्रत्येक रविवार सुबह 7:30 बजे केण्डीण्बीण्एमण्कॉलेज में प्रशिक्षक द्वारा कराया जाता है।

### वाहनों पर लाउड स्पीकर लगाने की अनुमति के संबंध में निर्देश

**सागर।** लोकसभा चुनाव के दौरान वाहनों में लाउड स्पीकर लगाने के संबंध में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी से इन निर्देशों का जनहित में सख्ती से पालन किए जाने की अपेक्षा की गई है। निर्देशों में कहा गया है कि मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 के तहत एक वाहन में दो से अधिक ध्वनि विस्तारक यंत्र लगाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग करने के लिए सक्षम अधिकारी से अनुमति अनिवार्य रूप से ली जानी चाहिए। ध्वनि विस्तारक यंत्र को लगाने के पूर्व जिला परिवहन अधिकारी से निर्धारित शुल्क जमा कर अनुमति लिए जाने की राजनैतिक दलों एवं उम्मीदवारों से अपेक्षा की गई है।

# चेक बाउंस मामले में शिक्षक को 6 माह सश्रम कारावास

**सिरोंज।** न्यायालय दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी पल्लवी शर्मा द्वारा एक चेक बाउंस के मामले में शिक्षक रज्जू लाल शाक्य को 6 महीने के सश्रम कारावास एंव नौ प्रतिशत ब्याज राशि 69275 अर्थदंड से दंडित किया। नगर के वार्ड क्रमांक 11 रामलला पथ निवासी षिवकुमार भार्गव द्वारा बताया कि मुझसे रज्जू लाल शाक्य ने वर्ष 2021 में 300000 अपनी निजी आवश्यकता के लिए कर्ज के रूप में प्राप्त किए थे इसके बदले में उसने 300000 का चेक दिया था। रज्जूलाल शिक्षक द्वारा दिए गए खाते में पर्याप्त धन राशि ना होने की वजह से चैक बाउंस हो गया था। जिसको लेकर मैंने न्यायालय जेएमएफसी सिरोंज में एक परिवाद पत्र प्रस्तुत किया था। न्यायालय द्वारा आरोपी को चेक बाउंस होने के संबंध में 6 महीने की सजा एवं अर्थदंड राशि 69275 रुपए से दंडित किया गया। साथ ही अर्थ दंड की राशि ना देने पर एक मास के सश्रम कारावास की सज़ा सुनाई गई।

# चुनावी प्रचार में नहीं दिख रही प्रत्याशियों की रुचि, द्वितीय चरण में 26 अप्रैल को है मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरेली

नर्मदापुरम संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली उदयपुरा बरेली विधान सभा में द्वितीय चरण में 26 अप्रैल को होना है मतदान होना हैं। सम्पूर्ण नर्मदा क्षेत्र में गर्मी ने तेजी दिखाने के साथ रफ्तार पकड़ ली है, लेकिन लोकसभा चुनाव प्रचार संपर्क अभियान के प्रति ठंडापन बना हुआ है। भाजपा कांग्रेस के चुनावी कार्यालय खुल गए हैं। कुछ लोग बैठे नजर आते है, परन्तु 308 मतदान केंद्रों वाली विधान सभा क्षेत्र में चुनावी तेज सरगर्मी प्रचार , संपर्क अभियान में तेजी होना चाहिए। उसमें कमी उदासीनता बनी नजर आ रही हैं। पांच दिन से भी कम समय बचा हैं, परंतु कांग्रेस या भाजपा की ओर से अभी तक किसी भी बड़े नेता की आमसभा नहीं हुई। प्रधानमंत्री मोदी जी की पिपरिया में जरूर बड़ी चुनावी सभा हो चुकी है।

विधानसभा चुनाव में भाजपा की 43 हजार मतों से जीत हुई थी। पहली बार चुने गए विधायक नरेंद्र शिवाजी पटेल प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री हैं। भाजपा ने भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष दर्शन



सिंह चौधरी एवं कांग्रेस के तीन बार विधायक के पूर्व विधायक संजय शर्मा को उम्मीदवार बनाया हैं। उदयपुरा , बरेली विधानसभा क्षेत्र में लगभग पौने दो लाख मतदाता और &08 मतदान केंद्र है। 26 अप्रैल को मतदान होना हैं।

### चुनावी ठण्डापन क्यों

नर्मदापुरम लोकसभा क्षेत्र नर्मदा मैया के दोनों किनारों पर नरसिंहपुर, नर्मदापुरम और रायसेन जिले की उदयपुरा विधानसभा मे फैला है। आठो विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा की पिछले चुनाव में शानदार जीत होने के साथ पूर्व सांसद राव उदयप्रताप सिंह एवं नरेंद्र शिवाजी पटेल मंत्री भी हैं। जिस प्रकार दोनों राजनैतिक दल भाजपा और कांग्रेस नेताओं , जिम्मेदार कार्यकर्ताओं और संगठन की चुनाव प्रचार, संपर्क की निचले स्तर पर उदासीनता बनी हुई हैं। यदि इसी प्रकार का सन्नाटा छाया रहा तो मतदान का प्रतिशत कम भी हो सकता हैं। मोदी भाजपा की लहर तो है परंतु कांग्रेस कार्यकर्ता विभिन्न मुद्दों को आम मतदाता तक पहुंचने में पिछड़ते नजर आ रहे हैं। भाजपा में लहर और जीत का लोभ और कांग्रेस में हार के सदमें से कितना उभर पाएगी यह तो 4 जून को मतगणना के दौरान ही पता चल पाएगा । जिस प्रकार चुनावी माहौल बना हुआ है , उससे शांत बिना शोर -शराबा , मतदाताओं के भरोसे निष्पक्ष मतदान की स्थिति नजर आ रही है।

### दोनों की प्रतिष्ठा दांव पर

भाजपा के नेताओं, कार्यकर्ताओं में अयोध्या में श्रीराम मंदिर के निर्माण की लहर से आत्म है। वहीं पिछलें विधान सभा चुनावों में जिस प्रकार कांग्रेस के उम्मीदवारों की हुई पराजय का सदमा अभी भी कांग्रेसी में चर्चा बनी हुई है। भाजपा लगातार जीत की प्रतिष्ठा दांव पर लगी हैं। वहीं कांग्रेस के नेताओं के लिए चुनाव वापसी के लिए प्रतीक्षा का प्रश्न क्यों नहीं बन पा रहा हैं। व्यापक चर्चाओं का विषय सार्वजनिक स्थानों पर बना नजर आ रहा हैं।



### बीएमसी में पंजीयन काउंटर की कमी के चलते घंटों परेशान हो रहे हैं मरीज, शिवसैनिक सौंपेंगे ज्ञापन

**सागर।** बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में पंजीयन काउंटर पर पर्ची बनवाने मरीजों को कई घंटो लाइन में लगकर इंतजार करना पड़ रहा है। इस जटिल समस्या पर मेडिकल कॉलेज प्रबंधन मूक दर्शन बनकर गंभीर रोग से पीड़ित मरीजों को परेशान कर रहा है। जिसकी शिकायत शिवसैनिक 22 अप्रैल को कमिश्नर संभाग सागर से करेंगे। शिवसैना राज्य उपप्रमुख पप्पू तिवारी ने बताया कि मेडिकल कॉलेज में 30 से अधिक फार्मासिस्ट है जिनके द्वारा दवाई वितरण की जगह अन्यत्र कार्य कराए जा रहे है, जिस कारण गरीब मरीज दवाई के लिए परेशान होते है, वही दवाई काउंटर 1 बजे बंद कर कर देने से ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले लोगो को रात्रि में रुकना पड़ता है। पप्पू तिवारी ने कहा कि चिकित्सकों से जांच कराने वाली पर्ची के काउंटर की संख्या कम होने से मरीजों को पंजीयन पर्ची बनवाने लाइन में घंटो खड़ा रहना पड़ता है, बिना पंजीयन पर्ची के डॉक्टर मरीज का चेकअप नही करते, जिस कारण मरीजों को परेशान होना पड़ता है, कई मरीजों को लाइन में घंटो लगे रहने पर भी पर्ची नही बन पाती। मेडिकल कॉलेज के डीन और अधीक्षक द्वारा इस समस्या पर कभी ध्यान ना देने से मरीज कठिनाइयों का सामना करते रहते है। शिवसैनिक 22 अप्रैल सोमवार को कमिश्नर संभाग सागर को ज्ञापन सौंपकर मेडिकल कॉलेज प्रबंधक की शिकायत करेंगे ।

# प्रधानमंत्री मोदी 24 अप्रैल को आएंगे सागर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

आगामी 24 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी सागर में भाजपा प्रत्याशी डॉ लता वानखेड़े के पक्ष में विशाल आम सभा को संबोधित करेंगे। जिसके लिए भारतीय जनता पार्टी द्वारा व्यापक तैयारिया शुरू कर दी हैं। आमसभा की तैयारियों को लेकर भाजपा स्वयंसेवी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक राम रघुवंशी ने सागर में आयोजित बैठक में शामिल हुए। बैठक में प्रमुख रूप से लोकसभा सह संयोजक श्याम तिवारी जिला उपाध्यक्ष, जगन्नाथ गुरैया, प्रदेश सह संयोजक प्रासुक जैन, जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन प्रमुख रूप से उपस्थित रहें। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश संयोजक राम रघुवंशी ने कहा कि सभी सागर वासियों के लिए गौरव की बात हैं कि विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सागर पधार रहे हैं मोदी के सागर आगमन पर सभी सागर वासी आम सभा में पहुंचे और भारतीय जनता पार्टी को अपना आशीर्वाद प्रदान करें। रघुवंशी ने उपस्थित प्रकोष्ठ के पदाधिकारी को आम सभा के निमित्त जिम्मेदारी सौंपी। बैठक में लोकसभा सह संयोजक श्याम तिवारी ने जानकरी देते हुए बताया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 अप्रैल को दोपहर 12 बजे सागर के बडतुमा में में पधार रहे हैं आम सभा भव्य एवं ऐतिहासिक हो जिसके लिए सभी पार्टी कार्यकर्ता पदाधिकारी प्राण प्रण से जुटकर तैयारी करें।

जिला उपाध्यक्ष जगन्नाथ गुरैया ने सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता गणों से समूचे सागर लोकसभा क्षेत्र में घर घर पीले चावल देकर आम जनों को सभा में आमंत्रित करने का आग्रह किया।बैठक का संचालन प्रदेश सह संयोजक प्रासुक जैन ने किया आभार मंडल संयोजक लकी सराफ ने व्यक्त किया।

# बिजली न मिलने से मूंग की खेती पर असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरेली

गेंहू कटाई और मूंग की बोवनी के दौरान पिछले दिनों बारिश बादल बाधा बने रहे । बारिश के कारण गेंहू की फसल भीग गई , नरवाई नमीयुक्त हो जाने से बखरनी में विलंब से मूंग की बोवनी में विलंब हो रहा हैं। अनेक स्थानों पर जमकर बारिश से मूंग की बोवनी भी खराब हो गई।

क्षेत्र के अधिकतम किसान धान ,गेंहू के बाद गर्मी के दिनों में मूंग की खेती करते हैं। पिछले दिनों एक सप्ताह तक मौसम खराब और बारिश होने से गेंहू कटाई , खेतों की बखरनी , बोवनी में बाधा और भारी विलंब



हुआ । मात्र 2 माह में मूंग की फसल पक कर तैयार हो जाती हैं। मूंग के भाव भी 8 हजार रुपए क्विटल से अधिक होने के कारण किसानों में मूंग की खेती के प्रति भारी रूझान, उत्साह बना हुआ हैं। 15 जून के आसपास बारिश शुरू हो जाती हैं। मूंग की बोवनी में हुआ विलंब ,मूंग फसल पर बारिश से सड़ने गलने , कटाई न होने का खतरा बन जाता हैं।

### विलंब से हो रही बोवनी

पिछले दिनों बारिश होने ,तेज धूप गर्मी पड़ते ही खेतों को तैयार कर मूंग की बोवनी की जा रही है। जिन किसानों की मूंग फसल बारिश से बिगड़ गई उनके द्वारा पुनः बोवनी का प्रयास किया जा रहा है। जिन किसानों ने समय से मूंग की बोवनी कर दी , तेज धूप गर्मी होजे ही मूंग फसलों की सिंचाई की जा रही हैं। किसानों को बिजली न मिलने से रतजगा करना पड़ रहा है। बिजली के लाइनों के ढीले , नीचे झूलते तार टकराने से तार टूटने , बार -बार फाल्ट के कारण लंबे समय तक बिजली गुल रहती है। किसान हैरान परेशान हैं। मूंग फसल की सिंचाई बिजली से चलने वाली मोटरों से बनी हुई हैं।

### सर्वोदय हायर सेकंडरी स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित



**बरेली ।** नगर की अग्रणी शैक्षणिक संस्था सर्वोदय हा से स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में वार्षिक प्रतियोगिता के प्रतिभागियों , वार्षिक परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र - छात्राओं को पुरूस्कृत किया गया। मेधावी छात्र सर्वोदय स्कूल की प्रियंका पटेल , परशुराम कहार ने 99 प्रतिशत राघव कुशवाहा ने 98 प्रतिशत,नमामि रघुवंशी ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर परीक्षा उत्तीर्ण करने पर सेरेमनी कार्यक्रम में पुरूस्कृत किया गया। कार्यक्रम में पालकों , छात्र -छात्राओं एवं स्कूल स्टाफ संचालक राघवेन्द्र राजपूत की उपस्थिति रही। उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम की सराहना करते हुए उज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी गई।

# एसडीएम ने उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण किया



**सागर।** कलेक्टर दीपक आर्य के निर्देश पर एसडीएम विजय डहेरिया द्वारा सागर अनुविभाग के अंतर्गत आने वाले उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण कर मौके पर मौजूद किसान भाइयों से चर्चा की गई। एसडीएम विजय डेहरिया के द्वारा उपार्जन केन्द्र भैंसवाही वेयरहाउस, खेजराबाग एवं सहकारी समिति पिपरिया वैद्य, गजानन वेयरहाउस, खेजरा बाग का निरीक्षण किया गया। उन्होंने उपार्जन केन्द्रों पर बारदाने की उपलब्धता की जानकारी प्राप्त की। साथ ही दोनों उपार्जन केन्द्रों पर तौल कांटों का भी निरीक्षण किया तथा मौके पर मौजूद किसान भाइयों से चर्चा की और आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि उपार्जन केन्द्रों पर पेयजल सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाए और स्लाट के अनुसार किसान भाइयों को उपार्जन के लिए मैसेज किया जाए।

## सामान्य प्रेक्षक आईएएस की उपस्थिति में संवीक्षा हुई सम्पन्न

# संवीक्षा में पूर्व सीएम शिवराज सिंह समेत 16 उम्मीदवारों के नामांकन विधिमान्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

लोकसभा निर्वाचन हेतु विदिशा संसदीय क्षेत्र के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक आईएएस सूरज कुमार की उपस्थिति में रिटर्निंग अधिकारी एवं कलेक्टर अरविंद दुबे द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित रिटर्निंग अधिकारी कक्ष में नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की। विदिशा संसदीय क्षेत्र के निर्वाचन हेतु 12 से 19 अप्रैल तक कुल 20 अभ्यर्थियों द्वारा 24 नाम निर्देशन पत्र जमा किए गए। संवीक्षा के दौरान 16 अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्र विधिमान्य पाए गए हैं। पांच नाम निर्देशन पत्र विधिमान्य नहीं पाए जाने पर नियमानुसार निरस्त किए गए हैं।

उल्लेखनीय है कि सुभाषनी गोदरे द्वारा 2 नामांकन जमा किए थे। इंडियन नेशनल कॉंग्रेस से संबंद्धता वाला नाम निर्देशन पत्र विधिमान्य नहीं होने पर निरस्त हो गया तथा निर्दलीय जमा किया गया नाम निर्देशन पत्र विधिमान्य पाया गया। अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 22 अप्रैल को अपरान्ह 03 बजे तक निर्धारित है।

**इन अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन हुए निरस्त :** संसदीय क्षेत्र 18-विदिशा के निर्वाचन हेतु प्राप्त नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा के दौरान इंडियन नेशनल कॉंग्रेस पार्टी के आनंद प्रताप सिंह, इंडियन नेशनल कॉंग्रेस पार्टी की सुभाषनी गोदरे, निर्दलीय अभ्यर्थी खेम राज, सपाक्स पार्टी के प्रशांत साहू तथा निर्दलीय अभ्यर्थी संजय सक्सेना का नाम निर्देशन पत्र विधिमान्य नहीं पाए जाने पर निरस्त हो गया है।




### इन अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्र विधिमान्य पाए गए

*संसदीय क्षेत्र 18-विदिशा के निर्वाचन हेतु प्राप्त नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा के दौरान बहुजन समाज पार्टी के किशनलाल लड़िया, इंडियन नेशनल कॉंग्रेस पार्टी के प्रताप भानु शर्मा, भारतीय जनता पार्टी के शिवराज सिंह चौहान, जय प्रकाश जनता दल के कमलेश कुमार गौर, अखिल भारतीय परिवार पार्टी के धर्मवीर भारती, राईट टु रिकॉल पार्टी के धर्मेन्द्र सिंह पंवार, बहुजन मुक्ति पार्टी के धूलसिंह, महानवादी पार्टी के भीकम सिंह, पब्लिक पोलिटिकल पार्टी के मुंशीलाल सिलावट, सपाक्स पार्टी की सीमा शर्मा, निर्दलीय अभ्यर्थी अब्दुल जब्बार, निर्दलीय अभ्यर्थी अब्दुल रशीद, निर्दलीय अभ्यर्थी दीपक कुमार तिवारी, निर्दलीय अभ्यर्थी मोहम्मद तलत खान, निर्दलीय अभ्यर्थी सत्येन्द्र सिंह सिसोदिया तथा निर्दलीय अभ्यर्थी सुभाषनी गोदरे का नाम निर्देशन पत्र विधिमान्य पाया गया।*

### विदिशा संसदीय क्षेत्र के लिए आईपीएस जी.विजया कुमार पुलिस प्रेक्षक हुए नियुक्त

लोकसभा आम निर्वाचन-2024 हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संसदीय क्षेत्र 18-विदिशा के लिए आईपीएस जी. विजया कुमार मो.न.9238856870 को पुलिस प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। शनिवार को पुलिस प्रेक्षक जी.विजया कुमार का रायसेन आगमन हुआ। उन्होंने कलेक्टर कक्ष में विदिशा संसदीय क्षेत्र विदिशा के रिटर्निंग अधिकारी तथा कलेक्टर अरविंद दुबे से लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों के संबंध में चर्चा की। रिटर्निंग अधिकारी अरविंद दुबे द्वारा लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराने हेतु की गई तैयारियों, मतदान केन्द्रों की संख्या, सुरक्षा तथा कानून व्यवस्था, पुलिस बल की संख्या आदि के बारे में अवगत कराया गया। उल्लेखनीय है कि संसदीय क्षेत्र-18 विदिशा में तृतीय चरण में आगामी 07 मई 2024 को मतदान सम्पन्न होगा।

# ट्रेन की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत, नहीं हुई शिनाख्त

## पहचान न होने के चलते शव को सांची श्मशान घाट में दफनाया

◆ सलामतपुर पुलिस ने मर्ग का मामला दर्जकर लिया जांच में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर।

शनिवार सुबह सलामतपुर रेलवे ओवरब्रिज के पास एक अज्ञात युवक जिसकी उम्र लगभग 35 से 40 वर्ष रही होगी की ट्रेन से कटकर दर्दनाक मौत हो गई है। युवक पेंट शर्ट पहने हुए हैं। वहीं ट्रेन कटिंग से उनका चेहरा पूरी तरह से कुचल गया है, जिससे उनकी पहचान करना मुश्किल हो रहा है।

सलामतपुर थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार सुबह 7:30 पर सलामतपुर स्टेशन मास्टर ने मेमो भेजकर सूचना देते हुए बताया कि रेलवे ओवरब्रिज के पास खंबा नम्बर 872/12 से 14 के बीच डाउन ट्रेक रेलवे लाइन के पास किसी युवक की 12161 लश्कर सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन से कटकर मौत हो गई है। यह घटना सुबह लगभग 6:32 की है।सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को रेलवे लाइनों के पास से हटवाकर सांची स्वास्थ्य केंद्र के मर्चुरी रूम में रखवा था। लेकिन युवक की पहचान नही होने के चलते युवक का शव सांची के श्मशान घाट में दफना दिया गया है। वहीं पुलिस ने मर्ग क्रमांक 15/24 धारा 174 सीआरपीसी का मामला दर्जकर जांच में लिया है।

### नहीं हुई 35 से 40 वर्षीय युवक की पहचान

*ट्रेन की चपेट में आने से जिस 35 से 40 वर्षीय युवक की मौत हुई है। उसकी अभी तक पहचान नही हो सकी है। ये पेंट शर्ट पहने हुए हैं। वहीं युवक के पास से कोई भी ऐसा डॉक्यूमेंट नही मिला है जिससे उसकी पहचान हो सके और अभी यह भी पता नही चला है कि युवक ने ट्रेन के आगे आकर आत्महत्या की है या ट्रेन से गिरकर या टकराकर उसकी मौत हुई है। यह कह पाना भी अभी मुश्किल है। इस घटना की विवेचना के बाद ही मौत का सही कारण पता चल पाएगा।*

### स्टेशन पर नहीं रहते आरपीएफ के जवान

सलामतपुर स्टेशन पर रेलवे पुलिस के आरपीएफ या जीआरपी के जवान मौजूद नही रहते हैं। जबकि यह स्टेशन दिल्ली मुंबई मेन रेलवे ट्रेक के बीच में पड़ने वाला स्टेशन है।यहां पर आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। जब कभी कोई ट्रेन से कट जाए या आत्महत्या कर ले। उस समय भी रेलवे पुलिस भोपाल या विदिशा से मोके पर आती है। जिसमें काफी समय लग जाता है। और इतने समय तक शव रेलवे लाइनों पर ही पड़ा रहता है। वहीं आसपास बस्तियों के ग्रामीण भी अपनी जान जोखिम में डालकर ट्रेन के नीचे से निकलते हैं। इतना सब होने के बाद भी रेलवे विभाग का रवैया गैरज़िम्मेदाराना बना हुआ है।

# जन्मदिन पार्टी में हुई कहासुनी में युवक ने लगाई थी फांसी, सुसाइड नोट में 2 युवकों को बताया जिम्मेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

2 जनवरी को थाना क्षेत्र अंतर्गत एक युवक अशोक अहिरवार पिता कैलाश अहिरवार निवासी सेमरा ने जन्मदिन की पार्टी में दो युवकों से हुई कहासुनी और धक्का मुक्की को अपनी बेज़्ज़त्ति और आत्मसम्मान को ठेस पहुंचना मानते हुए घर में फांसी लगा ली थी। और फांसी लगाने से पहले एक सोसाईड नोट भी लिखकर छोड़ गया था। जिसमें उनकी मौत के लिए राजेश अहिरवार पिता रामदयाल अहिरवार निवासी बालमपुर और पवन उर्फ पोप सिंह पिता नाथूराम निवासी करैयाखेड़ा विदिशा को जिम्मेदार बताया था।

पुलिस ने मामला दर्ज किया था। जांच के दौरान मामले में धारा 306, 34 आईपीसी का इजाफा करते हुए आरोपी राजेश अहिरवार और पवन उर्फ पोप सिंह को धार 306, 34 आईपीसी के तहत गिरफ्तार कर रायसेन न्यायालय में पेश किया गया। जहां से दोनों को जेल भेजने के आदेश न्यायालय द्वारा दिए गए।



### अशोक काम करने के लिए रोज़ जाता था भोपाल

अशोक अहिरवार काम करने के लिए प्रतिदिन सेमरा गांव से भोपाल के लिए अपडाउन करता था। और अपनी रोज़ी रोटी चलाता था। उसकी शादी भी हो चुकी है और बच्चे भी हैं। पत्नी का घटना के बाद से ही बुरा हाल है। और परिवार में जवान बेटे की मौत के बाद से ही पिता कैलाश अहिरवार भी टूट से गए हैं। लेकिन उनको तीन महीने बाद ही सही बेटे की मौत के लिए जिम्मेदार राजेश और पवन उर्फ पोप सिंह की गिरफ्तारी से न्याय की उम्मीद जागी है। और उन्होंने आरोपियों को कड़ी सजा देने की मांग न्यायालय से की है।

### इनका कहना है।

*जन्मदिन के कार्यक्रम में आपसी कहासुनी और धक्का मुक्की से दुखी होकर 2 जनवरी को सेमरा गांव निवासी अशोक ने फांसी लगाकर अपनी जान दे थी। सोसाईड नोट में मौत के लिए राजेश और पवन उर्फ पोप सिंह को जिम्मेदार बताया था। जो जांच में सही पाया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से जेल भेजने के आदेश न्यायालय द्वारा दिए गए।*

*- दिनेश सिंह रघुवंशी, थाना प्रभारी सलामतपुर।*

### पड़ोसी के घर में जन्मदिन कार्यक्रम में हुआ था विवाद

*1 जनवरी को मृतक अशोक अहिरवार के पड़ोसी के यहां जन्मदिन का कार्यक्रम रखा गया था। जिसमें अशोक को भी बुलाया गया था। वहां पर कार्यक्रम में बेड़नी भी नाचने के लिए बुलाई गई थी। कार्यक्रम में अशोक की राजेश अहिरवार और पवन उर्फ पोप सिंह के साथ कहासुनी और धक्का मुक्की हो गई। इस धक्का मुक्की को अशोक ने अपनी बेज़्ज़ति मानते हुए दुखी होकर दूसरे दिन ही 2 जनवरी को सुबह घर पर फांसी लगा ली, जिससे उसकी मौत हो गई और एक सुसाईड नोट भी छोड़ गया। जिसमें उसकी मौत के लिए राजेश अहिरवार और पवन उर्फ पोप सिंह को जिम्मेदार बताया था। पुलिस ने जांच में सोसाईड नोट को सही पाया और आरोपी राजेश और पवन उर्फ पोप सिंह को गिरफ्तार किया।*

### अज्ञात कारणों के चलते नरवाई में लगी आग

**दीवानगंज।** प्रतिबंध के बाद भी खेतों में नरवाई से लगने वाली आग रुकने का नाम नहीं ले रही है। इधर, प्रशासन भी नरवाई की आग की रोकथाम को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहा है। इसके बावजूद किसान अनदेखी कर रात के समय खेतों में आग लगा रहे हैं। नरवाई की आग से बडी घटना का अंदेशा बना रहता है। करीब 90 फीसदी खेतों में गेहूं फसल की कटाई का काम पूरा हो गया है। उपज किसानों ने घर पहुंचा दी है। अब खेतों में नरवाई जलाई जा रही है। शुक्रवार को देर शाम को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दीवानगंज के पास अज्ञात कारणों से खेत की नरवाई में आग लग गई। आग लगने के बाद सांची फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना पर फायर ब्रिगेड पहुंची तो खेत के पास कीचड़ में फंसकर रह गई। फायर ब्रिगेड की साफ्ट टूटने के करण गाड़ी आगे नहीं जा पा रही थी। ग्रामीणों ने मोटर द्वारा, हरे पेड़ के पत्तों सहित अन्य साधनों से आग बुझाने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया।

## बिजली कटौती से किसान परेशान

# किसानों ने कलेक्टर के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

हर दल के प्रत्याशी किसानों से यह कहकर वोट मांग रहे हैं कि हम किसानों के हित मे उनके साथ खड़े रहेंगे किंतु यहां तो माजरा कुछ और ही है किसानों के साथ खड़े रहने का वायदा करने वाले प्रत्यासी किसानों को बिजली नही दिला पा रहे हैं।

ग्राम पंचायत रानीपुरा तथा समनापुर काछी के किसानों को केवल 4 घंटे बिजली दी जा रही है वह भी परमिट के नाम पर कटौती कर ओर कम कर दी जाती है किसानों को मूंग की फसल के लिए सिंचाई अमृत का काम करती है बगैर सिंचाई के मूंग की पैदावारी होना असंभव है और सिंचाई के लिए बिजली आवश्यक है क्योंकि बिजली से ही पानी की मोटरें चलेंगी जो कि किसानों को नही मिल रही किसान हमेशा सरकार से अपनी मांगों को लेकर गुहार लगाता आ रहा है बाबजूद किसानों की समस्याओं का कोई हल नही किया जाता इस भीषण गर्मी में बिजली की कटौती हर जगह की जा रही है फिर भी शासन प्रशासन विद्युत विभाग पर कोई कार्यवाही नही करता।




इस संदर्भ में रानीपुरा एबं समनापुर काछी के किसानों ने अपनी मांगों को लेकर जिला कलेक्टर के नाम बाड़ी तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है, जिसमे सभी किसानों ने जिला कलेक्टर से मदद की गुहार लगाते हुए विभाग एबं विभागीय अधिकारियों पर उचित कार्यवाही की मांग की है।

### निर्वाचन की दृष्टिगत शुष्क दिवस घोषित

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार लोकसभा निर्वाचन-2024 को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह द्वारा विधानसभा सीहोर, बुधनी, इछावर में 05 मई 2024 की शाम 6 बजे से 07 मई 2024 को मतदान समाप्ति तक और आष्टा विधानसभा में 11 मई 2024 की शाम 6 बजे से 13 मई 2024 को मतदान समाप्ति तक को शुष्क दिवस घोषित करते हुए मदिरा की बिक्री प्रतिबंध लगाया गया है। इसी तरह संपूर्ण जिले में संपूर्ण जिले में 04 जून 2024 को शुष्क दिवस घोषित करते हुए मदिरा की बिक्री प्रतिबंध लगाया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह द्वारा जारी आदेश अनुसार शुष्क दिवसों में संपूर्ण जिले की परिसीमा में स्थित एवं संचालित समस्त कम्पोजिट मदिरा दुकानों, एफएल-3 होटलबार एवं जिले में स्थित देशी मद्यभाडागार संपूर्ण जिले से मदिरा का आयात, निर्यात, परिवहन, क्रय, विक्रय एवं प्रदाय पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा।

## मारवाड़ी महिला मंडल सीहोर के चुनाव संपन्न रजनी बहेती बनीं अध्यक्ष, सचिव मंजू भरतीया





**सीहोर।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की शाखा के चुनाव संपन्न हुए। मंडल की बैठक में सर्व सम्मति से रजनी बाहेती को अध्यक्ष पद मनोनित किया गया है। इसके अलावा उपाध्यक्ष मंजू अग्रवाल, सचिव मंजू भरतीया, कोषाध्यक्ष, गीता सोडाणी सह सचिव विनिता सोनी चुनी गई। इसके अलावा संरक्षक राजू पालीवाल, प्रकल्प प्रमुख संबंध प्रकल्प प्रतिभा झवर, पर्यावरण शशि विजयवर्गीय, संध्या विजयवर्गीय, संस्कार निर्मला व्यास, महिला सशक्तिकरण पुष्पा सोनी, किरण सोनी, रक्तदान नेत्रदान सरोज सोनी, आभा कासट, बाल विकास प्रकल्प ज्योति अग्रवाल मंजू अग्रवाल चुनी गई। मंडल की सभी पदाधिकारी सहित सदस्यों प्रेमा रुठिया, ज्योति रूठिया, राधा शर्मा, इंदु भावसार, लता खंडेलवाल आदि ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पदाधिकारी को बहुत-बहुत बधाई दी एवं कदम से कदम मिलाकर सेवा कार्यों में साथ देने का संकल्प लिया। अध्यक्ष रजनी बाहेती ने आगे के कार्यक्रम की रूपरेखा रखी और अध्यक्ष एवं पदाधिकारी ने भी सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## भाजपा नेता जसपाल सिंह अरोरा ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात, हुए नामांकन रैली में शामिल




**सीहोर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा ने भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात की। इसके बाद वे भोपाल लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी आलोक शर्मा की नामांकन रैली में शामिल हुए। इससे पहले श्री अरोरा सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ में भोपाल पहुंचे थे। यहां पर उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात करके चुनाव से संबंधित चर्चा भी की। चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ने उन्हें अहम दायित्व भी सौंपे। सीहोर जिले की सीहोर, इछावर, आष्टा एवं बुधनी विधानसभा में भाजपा की एकतरफा जीत होगी। सभी तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पक्ष में माहौल है और हर तरफ राम-राम की जय-जयकार हो रही है।

उन्होंने कहा कि इस बार भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश सहित सीहोर जिले में इतिहास रचने जा रही है। श्री अरोरा ने भोपाल में भाजपा प्रत्याशी आलोक शर्मा की नामांकन रैली में भी सहभागिता की एवं उन्होंने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ मंच भी साझा किया।

## मानसरोवर सेवा समिति ने कुबेरेश्वरधाम पर पहुंचकर भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा से की भेंट

**सीहोर।** जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में मानसरोवर सेवा समिति की ओर से आधा दर्जन से अधिक पदाधिकारियों ने समाजसेवी संजय कश्यप के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा से भोपाल-इंदौर मुख्य मार्ग हरीहर नगर, ग्राम फंदा कला स्थित मानसरोवरधाम में आगामी 22 अप्रैरल से 26 अप्रैल तक होने वाले नौ देवियों की भव्य प्राण-प्रतिष्ठा एवं सूर्य कलश, विशाल घंटे की स्थापना के दिव्य आयोजन में शामिल होने के लिए आमंत्रण पत्र भेंट किया। इस मौके पर श्री राधेश्याम विहार कालोनी की ओर से जितेन्द्र तिवारी, मनोज दीक्षित मामा सहित अन्य क्षेत्रवासी शामिल थे। इस मौके पर पंडित श्री मिश्रा ने कहाकि वह दिव्य कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए मानसरोवर सेवा समिति के श्री कश्यप ने बताया कि महंत रामप्रवेश दास गुफा मंदिर, हरिहर मंड के महंत शंकरदास स्वामी की प्रेरणा से काशी के यज्ञाचार्य पंडित उमाशंकर याज्ञिक, सहयोगी आयार्च रामकुमार देवलिया, पंडित शालिग्राम, पंडित श्रीकांत मिश्रा और पंडित लेखराज शर्मा आदि के मार्गदर्शन में आगामी 22 से भव्य कलश यात्रा के साथ प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। मानसरोवर धाम में नौ देवियों की प्राण-प्रतिष्ठा एवं सूर्य कलश के अलावा करीब 108 किलोग्राम विशाल घंटे की स्थापना करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। सोमवार को सुबह कलश यात्रा एवं पंचांग पूजन किया जाएगा। मंगलवार को वास्तु पूजन-कर्मकुट, बुधवार को अग्नि स्थानपना के अलावा गुरुवार सुबह जलाधिवास, अन्नाधिवास, शेयाधिवास, मूर्ति का स्थान और शुक्रवार को मंडप पूजन, प्राण-प्रतिष्ठा, पूर्णाहुति एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा।

## खामखेड़ा जत्रा में आयोजित श्रीमद भागवत कथा का समापन

# पांडव, देवकी, राधा, सुदामा, प्रहलाद द्रोपदी सब भगवान के लिए रोएः रविशंकर तिवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

खामखेड़ा जत्रा में आयोजित श्रीमद भागवत कथा के सातवें दिन श्रद्धालुओं के समक्ष श्री हनुमान फाटक मंदिर सीहोर वाले कथा व्यास पं रविशंकर तिवारी ने कहा कि परिजनों के लिए सब रोते है लेकिन परमात्मा के लिए कोई नहीं रोता है, परमात्मा के लिए रोने वाले पाडंव,देवकी,राधा, प्रहलाद द्रोपदी, सुदामा गोप गोपियां संत महत्मा सब अमर होकर पूजनीय हो गए। हमें भी परिजनों के लिए नही परमात्मा के लिए रोना चाहिए। दान की महीमा बताते हुए श्री तिवारी ने कहा कि दान करने से कभी पीछे नही हटना चाहिए क्योंकी दान करने से धन सौ गुना बढ़ता है और दान नहीं करने से धन घटता है। दानी का धन आम के पेड़ की तरह बढ़ता है और दान नहीं करने वाले का धन गाजर मूली की तरह जड़ से खत्म हो जाता है। भगवान श्रीकृष्ण के विवाह प्रसंग सुनाते हुए पं तिवारी ने कहा कि भोमासुर नामक राक्षस ने अपने कारागार में हजारों युवतियों को बंधक बना लिया था इन युवतियों को भगवान ने राक्षस को मारकर कारागार से रिहा कराया था तब भगवान ने युवतियों के निवेदन पर उनसे बिवाह किया था इस प्रकार भगवान का प्रथम विवाह रूकमण जी फिर जामवंत की पुत्री जामवती से जिस के उपरांत राजा की पुत्री सत्याभामा से हुआ। भगवान के इस प्रकार 16 हजार 108 विवाह सम्पन्न हुए। सुदामा चरित्र सुनाते हुए श्री तिवारी ने कहा कि उज्जैन आश्रम में शिक्षा ग्रहण करते हुए बालसखा श्रीकृष्ण को श्राप से संत सुदामा ने श्रापित चने खाकर बचा लिया था यदी श्रीकृष्ण चने ग्रहण कर लेते तो दानहीन श्रीहीन हो जाते। लेकिन श्राप के प्रकोप के कारण संत सुदामा को भिक्षा के लिए दर दर की ठोकरे खानी पड़ी। भगवान के परम भक्त सुदामा के लिए भगवान द्वारकाधीश स्वयं रोते हुए अपने सिंहासन से उतर कर द्वार तक आ जाते है। भगवान स्वयं अपने हाथों से सुदामा के पेर धोते है। भगवान की भक्ति सुदामा की भांति करनी चाहिए। गुरू पुर्णिमा महोत्सव के निमित हो रही श्रीमद भागवत कथा के सातवे दिन बड़ी संख्या में खामखेड़ा जत्रा सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों के श्रद्धुलओं के द्वारा श्री हनुमान फाटक मंदिर सीहोर वाले कथा व्यास पं रविशंकर तिवारी के श्रीमुख कथा का श्रवण किया।



## पीपीसीए अकादमी की ओर से युरेश भारती 108 और यशार्थ विसोपिया ने 103 रन की विस्फोटक शतकीय पारी खेली

**सीहोर।** शहर के बीएसआई मैदान पर खेली जा रही अंडर-16 विधायक क्रिकेट ट्राफी के अंतर्गत गुरुवार को एक अभ्यास मैच खेला गया था। जिसमें पीपीसीए आकदमी ने पीपीसीए बी को 76 रन से हराया। अब आगामी 22 अप्रैरल से प्रतियोगिता का सेमीफाइनल चरण आरंभ होगा। इस मैच में अकादमी के विस्फोटक बल्लेबाज युरेश भारती ने 98 गेंद पर 108 रन और यशार्थ विसोपिया ने 103 रन की नाट आउट पारी खेली थी। डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि गुरुवार की सबह पहले बल्लेबाजी करने उतरी पीपीसीए अकादमी टीम ने निर्धारित 50 ओवर में छह विकेट खोकर 340 रन बनाए थे। अकादमी की शुरूआत सलामी बल्लेबाज भविष्य ने 25 रन और चिराग ने 16 रन बनाकर की थी, इसके पश्चात रोहन चंद्रवंशी ने मात्र 19 गेंद पर 50 रन के अलावा युरेश भारती ने 108 रन और यशार्थ विसोपिया ने 103 रन बनाए थे। इधर पीपीसीए बी की ओर से गेंदबाजी करते हुए राज ने तीन विकेट, सक्षम-जय ने एक-एक विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पीपीसीए बी की टीम 264 रन ही बना सकी। इसमें विकास सास्ते ने 79 रन के अलावा वीर गावा ने 80 रन की संघर्षपूर्ण पारियां खेली। इधर विवेक प्रजापति ने चार विकेट, अर्पित ने दो विकेट के अलावा शरद ने तीन विकेट हासिल किए। आज का मैन आफ द मैच युरेश भारती को दिया गया।

